घर आओ श्याम | by Deepak Gaur

मेरे घर आजा तेरे लाड लड़ाऊं
माखन और मिश्री का भोग लगाऊं
मीठे मीठे भजनो से तुमको रिझाऊं
मेरे घर आजा ....

बैठा हूँ कन्हैया कबसे तेरे इंतज़ार में
दीवाना बना हूँ मोहन मैं तो तेरे प्यार में
अब आओगे मैं तो शूकर मनाऊं
माखन और मिश्री का भोग लगाऊं
मेरे घर आजा ....

फूलों से सजाया हमने बाबा तेरा द्वारा
एक बार आजा फिर जाना ना दोबारा
मन के मंदिर में श्याम तुमको बिठाऊँ
माखन और मिश्री का भोग लगाऊं
मेरे घर आजा ....

श्रद्धा और भाव से तेरा भोग ले आया
जैसे भी दिया है तूने तेरे लिए लाया
जीवन भर में बाबा तेरे भजन सुनाऊँ
माखन और मिश्री का भोग लगाऊं
मेरे घर आजा ....

अपने दीवाने को ना ज्यादा तरसाओ
आओ कन्हैया आओ दर्श दिखाओ
चरण दबाऊं तेरे चरण दबाऊं
माखन और मिश्री का भोग लगाऊं
मेरे घर आजा ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%98%e0%a4%b0-%e0%a4%86%e0%a4%93-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-deepak-gaur/